# कार्यालय केन्द्रीय नजारत, जनपद न्यायालय, हरदोई।

## नीलामी सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवासीय परिसर (जजेज कालोनी) में पुरानी ईंटों एवं ईंटों के टुकड़ों (मलबे/ रोडे) का नीलाम दिनांक 03.09.2025 को 4.30 बजे सायं दस कक्षीय न्यायालय भवन के भूतल पर स्थित सभागार कक्ष में किया जावेगा। नीलाम में भाग लेने के पूर्व रू0 17,500.00 की धरोहर धनराशि केन्द्रीय नाजिर के पास जमा करना होगा।

## नीलाम की शर्तें

1. नीलामी में भाग लेने वाले व्यक्ति को नीलामी में सम्मिलित होने के पूर्व सारणी में अंकित धरोहर धनराशि नकद केन्द्रीय नाजिर के पास जमा करना अनिर्वाय है।
2. नीलामी हेतु उच्चतम् बोली स्वीकार की जायेगी, किन्तु किसी भी नीलामी बोली को बिना कारण बताये अस्वीकृत करने का अधिकार नीलामी समिति के पास सुरक्षित रहेगा।
3. नीलामी बोली स्वीकृत होने के उपरान्त समस्त धनराशि दो दिन के अन्दर केन्द्रीय नाजिर के पास जमा करनी होगी।
4. नीलामी स्वीकृत धनराशि जमा करने के उपरान्त तीन दिन के अन्दर आवासीय परिसर (जजेज कालोनी) में पुरानी ईंटों एवं ईंटों के टुकड़ों (मलबे/ रोडे) को न्यायालय परिसर हरदोई से उठा ले जाना होगा, अन्यथा जमा की गयी धनराशि राज्य सरकार के पक्ष में अधिगृहीत कर ली जायेगी।

इच्छुक सभी व्यक्ति किसी भी कार्य दिवस में नीलामी हेतु आवासीय परिसर (जजेज कालोनी) में पुरानी ईंटों एवं ईंटों के टुकड़ों (मलबे/ रोडे) का निरीक्षण करने हेतु केन्द्रीय नजारत जनपद न्यायालय हरदोई में सम्पर्क कर सकते है।

अध्यक्ष नीलामी समिति,
विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट,
जनपद न्यायालय हरदोई।

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को व्यापक प्रचार प्रसार हेतु –**

1. नोटिस बोर्ड जिला जज हरदोई।
2. नोटिस बोर्ड कार्यालय जिलाधिकारी हरदोई।
3. नोटिस बोर्ड समस्त तहसीलदार हरदोई।
4. नोटिस बोर्ड कार्यालय नगर पालिका परिषद हरदोई।
5. नोटिस बोर्ड जिला पंचायत कार्यालय हरदोई।
6. प्रभारी अधिकारी कम्प्यूटर जनपद न्यायालय हरदोई को इस जनपद एवं माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद की वेवसाइड पर प्रकाशन हेतु ।

अध्यक्ष नीलामी समिति,
विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट,
जनपद न्यायालय हरदोई।